अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ मे कैरियर से संबंधित कोचिंग क्लास का आरम्भ 20 जनवरी, 2016 से प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सुचारु रुप से चल रही है. जिसमे क्लर्क, एस.एस.सी; बैंकिग, राज्य सर्विस (गुप– ए / बी / सी) की परिक्षाओं से संबंधित फ्री कोचिंग दी जाती है. यह स्क्रीम अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / अल्पसंख्यक समुदाय / आर्थिक रूप से कमजोर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ–साथ बहारी छात्र–छात्राएँ के लिए भी उपलब्ध है. इस कोचिंग कक्षाओं के कोडिनेटर डॉ0 रामचन्द्र ने बताया कि विद्यार्थियों ने बड़े ही जोश के साथ कोचिंग ले रहे है और इस तरह कि कोचिंग कक्षाएँ केवल हरियाणा के अग्रवाल महाविद्यालय में ही चलाई जा रही है. उन्होंने बताया कि यह कक्षाएँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रदान सहायता राशि से संचालित की जा रही है. उन्होंने बताया कि इन कक्षाओं के लिए दिल्ली व नोएडा के प्रतिष्ठित कोचिंग सेन्टरों से विषय से संबंधित व अनुभवी प्राध्यापको का प्रबन्ध किया गया है को विद्यार्थियों को कोचिंग देगें.